
# मध्य प्रदेश में नौ सीटों पर मतदान

## चर्चा में क्यों?

लोकसभा चुनाव के **तीसरे चरण में** मध्य प्रदेश की नौ सीटों- **मुरैना, भिंड, ग्वालियर, गुना, राजगढ़, सागर, विदिशा, भोपाल** और **बैतूल** में लगभग 66.5% मतदान हुआ।

## मुख्य बिंदु:

- राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा साझा किये गए आँकड़ों के अनुसार, **राजगढ़ में 76.19% मतदाताओं के साथ सबसे अधिक मतदान** हुआ, जबकि **चंबल डिवीज़न के भिंड में राज्य में सबसे कम** 55.44% **मतदान** दर्ज किया गया।
- अब तक मध्य प्रदेश की 21 सीटों पर पहले तीन चरणों का मतदान हो चुका है, जबकि बाकी आठ सीटों पर **13 मई, 2024 को चौथे चरण का मतदान** होगा।



PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/poolling-for-nine-seats-in-madhya-pradesh